समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 08 September 2026

# आईपीएल 2027 से पहले हार्दिक पांड्या को लेकर बड़ी हलचल, मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच ट्रेड की चर्चा तेज

Sanket Morankar Published on 24 Jul 2026



आईपीएल 2027 शुरू होने में अभी कई महीने बाकी हैं, लेकिन टूर्नामेंट से पहले खिलाड़ियों की संभावित ट्रेड को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। सबसे ज्यादा सुर्खियों में **मुंबई इंडियंस (MI)** के कप्तान **हार्दिक पांड्या** हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई इंडियंस और **चेन्नई सुपर किंग्स (CSK)** के बीच हार्दिक पांड्या को लेकर एक बड़ी ट्रेड डील पर चर्चा चल रही है।

बताया जा रहा है कि पिछले कुछ सीजन में टीम के प्रदर्शन को देखते हुए मुंबई इंडियंस अपने स्क्वाड में बड़े बदलाव करने की तैयारी कर रही है। इसी क्रम में हार्दिक पांड्या के भविष्य को लेकर भी कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। यदि यह ट्रेड होता है तो यह आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी खिलाड़ी अदला-बदली में से एक हो सकती है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, चेन्नई सुपर किंग्स हार्दिक पांड्या को अपनी टीम में शामिल करने की इच्छुक है। संभावित डील में **शिवम दुबे**, **डेवाल्ड ब्रेविस** और युवा बल्लेबाज **आयुष म्हात्रे** के नाम सामने आए हैं।

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मुंबई इंडियंस ने हार्दिक के बदले शिवम दुबे और आयुष म्हात्रे की मांग की थी। हालांकि, चेन्नई सुपर किंग्स ने आयुष म्हात्रे को रिलीज करने से इनकार कर दिया है। इसके बजाय दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज **डेवाल्ड ब्रेविस** को ट्रेड में शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया है।

इसके अलावा यह भी चर्चा है कि चेन्नई सुपर किंग्स हार्दिक पांड्या के बदले **शिवम दुबे के साथ आर्थिक राशि** देने पर भी विचार कर रही है। हालांकि, अंतिम फैसला डेवाल्ड ब्रेविस के प्रदर्शन पर निर्भर बताया जा रहा है।

ब्रेविस इस समय इंग्लैंड में चल रहे **द हंड्रेड 2026** टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन के आधार पर ही चेन्नई सुपर किंग्स तय करेगी कि उन्हें ट्रेड का हिस्सा बनाया जाए या नहीं।

पिछले आईपीएल सीजन में डेवाल्ड ब्रेविस का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। उन्होंने 8 मुकाबलों में केवल 151 रन

बनाए थे। वहीं अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में भी उनका स्ट्राइक रेट और प्रदर्शन पहले की तुलना में कमजोर रहा है। ऐसे में चेन्नई सुपर किंग्स उनके भविष्य पर गंभीरता से विचार कर रही है।

दूसरी ओर, हार्दिक पांड्या भारतीय क्रिकेट के सबसे अनुभवी ऑलराउंडरों में शामिल हैं। उनकी बल्लेबाजी, गेंदबाजी और कप्तानी की क्षमता को देखते हुए कई फ्रेंचाइजी उन पर नजर बनाए हुए हैं। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद को छोड़कर अन्य कई फ्रेंचाइजी भी हार्दिक को अपनी टीम में शामिल करने की इच्छुक हैं।

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि इस संभावित ट्रेड को लेकर हुई चर्चाओं में **महेद्रं सिंह धोनी** भी मौजूद थे। हालांकि, इस संबंध में किसी भी फ्रेंचाइजी या संबंधित पक्ष की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स दोनों ही आईपीएल की सबसे सफल टीमों में शामिल हैं और दोनों ने पांच-पांच बार खिताब अपने नाम किया है। लेकिन पिछले कुछ सीजन में दोनों टीमों का प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा। ऐसे में आगामी सीजन से पहले दोनों फ्रेंचाइजी अपनी टीमों में बड़े बदलाव करने की रणनीति पर काम कर रही हैं।

फिलहाल हार्दिक पांड्या के ट्रेड को लेकर सोशल मीडिया और क्रिकेट जगत में चर्चाओं का दौर जारी है। **हालांकि, मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स मे से किसी भी फ्रेचांइजी ने इस संभावित ट्रेड को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।** ऐसे में अभी तक सामने आई सभी जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स और अटकलों पर आधारित है। आईपीएल 2027 से पहले ही इस मामले पर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होने की संभावना है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.